## डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,निम्बाहेड़ा (राज.)

# समाजशास्त्र विभाग
## वार्षिक प्रतिवेदन सत्र – 2018–19

### दिनांक 27 अक्टूबर 2018

दिनांक 27 अक्टूबर 2018 को समाजशास्त्र विभाग के प्रथम परिचयात्मक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें हाल ही में विभाग में विभागाध्यक्ष के पद पर नियुक्त डॉक्टर हस्तीमल कोठारी एवं नवनियुक्त सहायक आचार्य डॉ शिल्पा नागौरी ने स्वयं का परिचय विद्यार्थियों से साझा किया एवं विद्यार्थियों से भी इनके बारे में जानकारी प्राप्त की गई साथ ही समाजशास्त्र विषय की उपयोगिता पर भी चर्चा की गई।




### दिनांक 19 जनवरी 2019

दिनांक 19 जनवरी को विभाग की ओर से द्वितीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत परीक्षा के मुख्य बिंदुओं जैसे पेपर पेटर्न, प्रश्नों की बनावट, उसे हल करने का तरीका, विभिन्न पुस्तकों के नाम आदि पर विस्तृत चर्चा की गई ताकि विद्यार्थियां को परीक्षा में लाभ प्राप्त हो सके।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,निम्बाहेड़ा (राज.)

## समाजशास्त्र विभाग
## वार्षिक प्रतिवेदन सत्र – 2019–20

**दिनांक 19 अक्टूबर 2019**

समाजशास्त्र विभाग की ओर से दिनांक 19 अक्टूबर 2019 को विद्यार्थियों के लिए एक ज्ञानवर्धक व रुचिकर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य विषय को रुचिकर बनाना तथा विद्यार्थियों का विषय के प्रति रुझान उत्पन्न करना था इस व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुझान तथा नीरसता को दूर करने का एक छोटा परंतु महत्वपूर्ण प्रयास किया गया जिसके अंतर्गत एच.एम. कोठारी ने भारतीय जाति व्यवस्था को विद्यार्थियों के सामने रखा जिसमें जाति, जाति की उत्पत्ति, जाति व्यवस्था, भारतीय समाज शास्त्रियों की प्रमुख रचनाओं से संबंधित व्याख्यान दिया डॉक्टर नागौरी ने कार्यक्रम का संचालन किया।



**दिनांक : 04.10.2019**
**प्रसार व्याख्यान**
**दृढ़ इच्छा शक्ति एवं जागरुकता रोजगार में सहायक**

वर्तमान समय में युवाओं को रोजगार की परम आवश्यकता है परन्तु बिना दृढ़ इच्छा शक्ति एवं जागरुकता के इस चुनौतीपूर्ण समय में सफलता संभव नहीं है। समय की पाबन्दी, नियोजित प्रयास, संकल्प शक्ति एवं सकारात्मक दृष्टि के माध्यम से वांछित उद्देश्य प्राप्त किया जा सकता है। उक्त विचार महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित प्रसार व्याख्यान में कर्नाटक खुला विश्वविद्यालय, मैसूर के प्रो. संतोष नायक आर ने मुख्य वक्ता के रुप में प्रकट किये। समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. कमल नाहर ने युवाओं को अपने कौशल को पहचानने एवं उसके अनुरुप लक्ष्य प्राप्त करने की ओर कदम बढ़ाने का प्रोत्साहन दिया।

इससे पूर्व कार्यक्रम संयोजक डॉ. हस्तीमल कोठारी ने युवाओं को रोजगार विषय पर विस्तृत भूमिका प्रस्तुत की। संचालन डॉ. शिल्पा नागोरी ने किया। आभार प्रो. भगवान साहु ने ज्ञापित किया। व्याख्यान में छात्रसंघ अध्यक्ष साजन सोनी, उपाध्यक्ष विक्रम अहीर, महासचिव इन्द्रमल धाकड़, संयुक्त सचिव चचंल उपाध्याय सहित महाविद्यालय के सह आचार्य इसहाक मोहम्मद, डॉ. देवाराम, डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंघवी, प्रा. रीना सालोदिया, प्रो. सीमा विजय, डॉ. नीलम सेठी एवं प्रो. दीपक वर्मा सहित छात्र–छात्रा उपस्थित थे।







**दिनांक 25 जनवरी 2020**

समाजशास्त्र विभाग की ओर से परीक्षा समय नजदीक आने के कारण विद्यार्थियों की विषय से संबंधित कई समस्याओं को हल करने के लिए एक लघु व्याख्यान का आयोजन किया गया जिस का संचालन समाजशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉक्टर शिल्पा नागौरी द्वारा किया गया तथा मुख्य वक्ता विभागाध्यक्ष डॉक्टर हस्तीमल कोठारी रहे। डॉ कोठारी ने समाजशास्त्र विषय के विद्यार्थियों को विषय से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा समाजशास्त्र के प्रमुख विषय समाजशास्त्र चिंतन के मुख्य आधार, अपराध शास्त्र तथा राजनीतिक समाजशास्त्र आदि विषयों पर प्रकाश डाला तथा परीक्षा के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की तथा साथ ही विद्यार्थियों को परीक्षा की अग्रिम बधाई दी।

# *डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,निम्बाहेड़ा (राज.)*

## *समाजशास्त्र विभाग*
## *वार्षिक प्रतिवेदन सत्र* 2020–21

**दिनांक 26 सितंबर 2020**

महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में दिनांक 26 सितंबर 2020 को समाजशास्त्र विभाग की ओर से समाजशास्त्र के विद्यार्थियों के लिए परिचयात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय से अवगत करवाना तथा समाजशास्त्र विषय से मिलने वाले रोजगार के फायदे के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी उपलब्ध करवाना था ताकि उनके मस्तिष्क में संशय की स्थिति ना रहे। विभागाध्यक्ष एच.एम. कोठारी ने विषय से संबंधित अवधारणात्मक स्पष्टीकरण दिया तथा डॉ शिल्पा नागौरी ने विद्यार्थियों को उद्बोधित करते हुए विषय एवं रोजगार के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई।

**दिनांक 9 जनवरी 2021**

समाजशास्त्र विभाग की ओर से 9 जनवरी 2021 को समाजशास्त्र के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा की तैयारी हेतु एक लघु चर्चा आयोजित की गई जिसके अंतर्गत विभागाध्यक्ष एच.एम. कोठारी ने विद्यार्थियों को प्रमुख विचारकों जैसे मार्क्स, दुरखीम परेटो, मर्टन व पारसन्स आदि के द्वारा दी गई मूल अवधारणाओं को विद्यार्थियों के सम्मुख रखा तथा इन्हें कैसे मनोरंजनात्मक तरीके से पढ़ा जाए यह मार्गदर्शन दिया साथ ही डॉक्टर शिल्पा नागौरी ने परीक्षा के प्रश्न पत्र के पैटर्न के बारे में विद्यार्थियों से चर्चा की तथा कोरोना के कारण आई अध्ययन मे बाधा को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन पाठ्य सामग्री को कैसे अपने अध्ययन के उपयोग में लाया जाए इस बात पर बल देते हुए यूट्यूब चेनल पर उपलब्ध विषय से संबंधित वीडियो की जानकारी दी ।

## *डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,निम्बाहेड़ा (राज.)*

# *समाजशास्त्र विभाग*
## *वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2021–22*

**दिनांक 25 सितंबर 2021**

समाजशास्त्र विभाग ने अपने विभाग में दिनांक 25 सितंबर 2021 को विभाग की परिचयात्मक कार्यशाला आयोजित की जिसके अंतर्गत एम. ए. पूर्वार्ध और उत्तरार्ध के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया तथा समाजशास्त्र विषय को जानने का प्रयास किया विभागाध्यक्ष कोठारी एवं सहायक आचार्य डॉ शिल्पा नागौरी ने छात्रों को उद्बोधन दिया एवं समाजशास्त्र विषय के बारे में आधारभूत जानकारी प्रदान की।

*दिनांक 21.11.2021*

### *असहमति पर पुनर्विचार करना जरूरी*

राजस्थान एसोसिएशन फॉर स्टडीज इन इंग्लिश की आठवीं वार्षिक कांफ्रेंस अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के रूप में डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय निंबाहेड़ा के समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हाइब्रिड मोड में सम्पन्न हुई जिसके प्रथम विशेष तकनीकी सत्र का आयोजन महाविद्यालय की क्लास रूम से गूगल मीट के माध्यम से आयोजित हुआ। सत्र की अध्यक्षता कुव्हेंपू यूनिवर्सिटी कर्नाटक के समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर चंद्रशेखर ने तथा सह अध्यक्षता आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर प्रोफेसर इसहाक मोहम्मद ने की और मॉडरेटर की भूमिका कर्नाटका स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर संतोष नायक आर द्वारा निभाई गई।
सत्र की शुरुआत डॉ. देवा राम द्वारा सत्र के अध्यक्ष, सह अध्यक्ष, कीनोट स्पीकर्स और मॉडरेटर के परिचय के साथ हुई। प्रथम कीनोट स्पीकर डॉ. संजय जोशी, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र राजकीय महाविद्यालय नीमच ने अपने वक्तव्य में आदिवासी समाज में उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने वाले संस्थान जयस तथा भारतीय समाज के पिछड़े जनसमूह के अंदर उनके अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने की ताकत जगाने व उनमें शिक्षा के प्रसार के मुख्य उद्देश्य के साथ भीम सेना द्वारा किए जाने वाले सकारात्मक कार्यों के महत्व को समझाया और साथ ही राजपूत समाज में छात्राओं के घुंघट छोड़ने की ईच्छा का जिक्र भी किया। सत्र के दूसरे मुख्य वक्ता डॉ मुख्तियार अली, सहायक निदेशक इग्नू ने कहा कि लोकतंत्र में बहुमत का महत्व होता है लेकिन यदि किसी बात या कानून से एक जनसमूह या एक व्यक्ति की भी असहमति हो तो उस पर पुनर्विचार करना सरकार का दायित्व होता है।
इस विशेष तकनीकी सत्र में डॉ. शिल्पा नागोरी, डॉ. अब्दुल रशीद आगा, डॉ. शेरा बानो, डॉ. दीपक वर्मा, सुनीता, मुजमिल, काव्यश्री, कनिका जैन सहित 15 अन्य प्रतिभागियों ने देश के भिन्न–भिन्न स्थानों दिल्ली, कनाटक कर्नाटक, आंध्रा, उड़ीसा, राजस्थान से कॉन्फ्रेंस की मुख्य थीम राइटिंगइनरिस्ट्रिक्टेड स्पेसेस व इससे संबंधित विषयों पर अपने पेपर प्रस्तुत किए एवं विचार साझा किए। सत्र के अंत में आयोजन सचिव डॉ हस्तीमल कोठारी ने आभार व्यक्त किया। इस सत्र में डॉ. नीलम सेठी, स्नेह लता कोठारी और पुनीत मराठा ने सहयोग प्रदान किया।



**दिनांक 17 दिसंबर 2021**

**विभाग की ओर से 17 दिसंबर 2021 को विद्यार्थियों को परीक्षा उपयोगी जानकारी देने हेतु एक छोटी व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को परीक्षा में उपयोग में आने वाली विभिन्न पुस्तकों तथा पाठ्य उपयोगी सामग्री जैसे ऑनलाइन वीडियो ऑनलाइन नोट्स आदि के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई गई थी किस प्रकार हम आधुनिक तकनीकी को विषय के अध्ययन में उपयोग में ला सकते हैं।**

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,निम्बाहेड़ा (राज.)

# समाजशास्त्र विभाग
## वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2022–23

**दिनांक 24.09.2022**

विभाग की ओर से दिनांक 24.09.2022 को समाजशास्त्र विभाग की ओर से एम.ए. पूर्वार्ध और उत्तरार्ध के विद्यार्थियों का परिचयात्मक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत विभागाध्यक्ष डॉ हस्तीमल कोठारी ने विद्यार्थियों को समाजशास्त्र विषय से अवगत करवाया तथा विभाग की सहायक आचार्य डॉ शिल्पा नागौरी ने विद्यार्थियों को उद्बोधन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ देवाराम डॉक्टर नीलम सेठी भी सम्मिलित हुए।



**दिनांक : 18.12.2022**

समाजशास्त्र विभाग ने दिनांक को विभागाध्यक्ष डॉ हस्तीमल कोठारी के अध्यक्षता में समाजशास्त्र की परीक्षा के मुख्य बिंदुओं के बारे में चर्चा रखी गई जिसमें विद्यार्थियों ने परीक्षा में आ रही कुछ समस्याओं से अवगत कराया तथा विषय वस्तु के बारे में भी विद्यार्थियों द्वारा चर्चा की गई इसी संदर्भ में डॉक्टर कोठारी द्वारा परीक्षा से संबंधित प्रश्नों का समाधान बताया तथा उनका मार्गदर्शन भी किया गया

| | |
|---|---|
|  | enson |